MOCK TEST IBPS PRELIMS-13
NUMERICAL ABILITY

निर्देश **(36-40):** नीचे दिए गए दंड आरेखों में से पहला आरेख रेनॉल्ट कंपनी द्वारा उत्पादित कारों की कुल संख्या दर्शा रहा है, जबकि दूसरा आरेख रेनॉल्ट कारों के 4 विभिन्न मॉडलों से सम्बंधित कुल उत्पादन का प्रतिशत वितरण दर्शा रहा है। आरेखों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:





36. किस महीने में रेनॉल्ट "डस्टर" का उत्पादन अधिकतम है?
(a) जनवरी (b) फरवरी (c) मार्च
(d) अप्रैल (e) इनमें से कोई नहीं

37. जनवरी से मई तक 'कूइड' मॉडल का औसत उत्पादन ज्ञात कीजिये।
(a) 121604 (b) 121304 (c) 124508
(d) 123308 (e) इनमें से कोई नहीं

38. जून के महीने में 'कूइड' मॉडल का उत्पादन, जनवरी से जून तक 'कूइड' मॉडल के औसत उत्पादन की तुलना में लगभग कितना अधिक या कम है?
(a) 23087 (b) 22089 (c) 24195
(d) 22187 (e) 23295

39. जनवरी, मार्च तथा जून महीनों में मिलाकर 'डस्टर' मॉडल का उत्पादन, फरवरी, अप्रैल तथा जून में मिलाकर 'लोजी' मॉडल के उत्पादन का कितना गुना है? (दशमलव के बाद 2 संख्यां तक समापन)
(a) 1.38 (b) 1.18 (c) 1.58
(d) 1.28 (e) 1.68

40. जनवरी से मार्च तक के महीनों में 'लोजी' मॉडल का उत्पादन, सभी महीनों में हुए 'लोजी' मॉडल के कुल उत्पादन का लगभग कितना प्रतिशत है?
(a) 53.57% (b) 51.57 % (c) 52.58%
(d) 55.54% (e) 54.57%

निर्देश **(41-45):** नीचे दी गई तालिका में 2011 से 2015 तक एक विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा के लिए नामांकित छात्रों की संख्या को दर्शाया गया है तथा दूसरी तालिका इन 5 वर्षों में वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों के प्रतिशत को दर्शाती है।

पाठ्यक्रम→ वर्ष↓	बी.टेक	बी.ए	बी.एससी.	बी.कोम.	बी.बी.ए
2011	35250	13300	17020	21340	21250
2012	32260	14670	17350	24500	22580
2013	34480	18580	18595	26030	25750
2014	36550	16050	12320	28950	24650
2015	39050	17450	16550	24300	28250

पाठ्यक्रम→ वर्ष↓	बी.टेक	बी.ए	बी.एससी.	बी.कोम.	बी.बी.ए
2011	48%	57%	30%	35%	46%
2012	35%	35%	32%	37%	45%
2013	25%	55%	40%	45%	52%
2014	54%	44%	35%	46%	48%
2015	46%	52%	34%	51%	58%

41. बी.टेक विद्यार्थियों की औसत संख्या ज्ञात कीजिये जिन्होंने इन वर्षों में वार्षिक परीक्षा को उत्तीर्ण किया है? (निकटतम पूर्णांक तक समापन)
(a) 14716 (b) 15926 (c) 14906
(d) 18236 (e) 13996

42. वर्ष 2014 में परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या, उस वर्ष परीक्षा में उपस्थित छात्रों की कुल संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?
(a) 44.44% (b) 45.45% (c) 46.46%
(d) 47.47% (e) 48.48%

43. वर्ष 2011, 2013 और 2014 में मिलाकर बी.बी.ए. में अनुत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्यां ज्ञात कीजिये।
(a) 36873 (b) 36624 (c) 36645
(d) 36463 (e) इनमें से कोई नहीं

44. 2011 से 2015 तक, बी.बी.ए. के उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्यां तथा उसी पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्यां के बीच का अंतर ज्ञात कीजिये।
(a) 606 (b) 616 (c) 666
(d) 686 (e) इनमें से कोई नहीं

45. सभी वर्षों में बी.टेक के कुल उत्तीर्ण छात्रों की संख्या, बी.बी.ए. के अनुत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्यां से कितनी अधिक या कम है?
(a) 13284 (b) 13894 (c) 13594
(d) 13884 (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (46-50): निम्नलिखित प्रश्नों में, दो समीकरण संख्या I तथा II दी गई हैं। दोनों समीकरणों का हल कीजिये तथा उत्तर दीजिये-
(a) यदि $x>y$ (b) यदि $x\geq y$ (c) if $x<y$ (d) if $x \leq y$
(e) यदि $x = y$ या सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकता।

46. **I.** $(169)^{1/2}x+\sqrt{289}=134$ **II.** $(361)^{1/2}y^2-270=1269$

47. **I.** $821x^2-757x^2=256$ **II.** $\sqrt{196}y^3-12y^3=16$

48. **I.** $6x^2+41x+63=0$ **II.** $4y^2+8y+3=0$

49. **I.** $3x^2-20x-32=0$ **II.** $2y^2-3y-20=0$

50. **I.** $x^3-468=1729$ **II.** $y^2-1733+1564=0$

51. एक ठेकेदार ने 90 दिनों में एक परियोजना को पूरा करने का दायित्व लिया और उस पर 60 लोगों को कार्यरत किया। 60 दिनों के बाद, उसने पाया की $\frac{3}{4}$ काम हो चूका है। तो कितने लोगों को हटाया जा सकता है ताकि इस परियोजना को ठीक समय पर पूरा किया जा सके?
(a) 40 मजदूर (b) 20 मजदूर (c) 24 मजदूर
(d) 28 मजदूर (e) इनमें से कोई नहीं

52. 600 रुपयों का A, B तथा C में इस प्रकार बाँटा गया कि A के हिस्से के $\left(\frac{2}{5}\right)$ से 40 रूपये अधिक, B के हिस्से के $\left(\frac{2}{7}\right)$ से 20 रूपये अधिक, C के हिस्से के $\left(\frac{9}{17}\right)$ से 10 रूपये अधिक, सभी बराबर हैं. A का हिस्सा है:
(a) रु. 280 (b) रु. 170 (c) रु. 150
(d) रु. 200 (e) इनमें से कोई नहीं

53. राज्य A, B तथा C में वर्ष 1998 में परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की संख्या का अनुपात 3 : 5 : 6 था। अगले वर्ष यदि इन राज्यों से विद्यार्थियों की संख्या में क्रमश: 20%, 10% और 20% की वृद्धि हो जाती है, तो राज्य A और C का अनुपात 1 : 2 हो जायेगा। 1998 में A राज्य से परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की संख्या कितनी थी?
(a) 7200 (b) 6000 (c) 7500
(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं (e) इनमें से कोई नहीं

54. आठ रीडिंग का औसत 24.3 है, जिसमें से पहली दो रीडिंग का औसत 18.5 है तथा उससे अगली तीन रीडिंग का औसत 21.2 है। यदि छठी रीडिंग सातवीं से 3 कम है तथा आठवी से आठ कम है, तो छठी रीडिंग क्या है?
(a) 24.8 (b) 26.5 (c) 27.6
(d) 29.4 (e) इनमें से कोई नहीं

55. A एक घोड़ा 19 प्रतिशत की हानि पर B को 4860 रूपये में बेचता है, B इसे C को उस मूल्य पर बेचता है जिस पर A को 17 प्रतिशत का लाभ होता। B का लाभ ज्ञात कीजिये।
(a) रु. 2160 (b) रु. 2610 (c) रु. 1260
(d) रु. 2260 (e)इनमें से कोई नहीं

निर्देश (56-60) : निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में एक संख्या श्रृंखला दी गई है। श्रृंखला के बाद एक संख्या दी गई है जिसके बाद (a), (b) (c), (d) और (e) दिये गए हैं। मूल श्रंखला के क्रम का अनुसरण करते हुए आपको दी गई संख्या से शुरू करके श्रृंखला को पूरा करना है और प्रश्नों के उत्तर दीजिये जो श्रंखला के अनुसारण करते हैं।

56. 5 6 16 57 244 1245
2 (a) (b) (c) (d) (e)
(d) के स्थान पर क्या आएगा?
(a) 46 (b) 39 (c) 156
(d) 172 (e) इनमें से कोई नहीं

57. 3 5 9 17 33 65
7 (a) (b) (c) (d) (e)
(d) के स्थान पर क्या आएगा?
(a) 95 (b) 51 (c) 99
(d) 49 (e) इनमें से कोई नहीं

58. 7 4 5 9 20 52.5
3 (a) (b) (c) (d) (e)
(c) के स्थान पर क्या आएगा?
(a) 4.5 (b) 2 (c) 6
(d) 7 (e) इनमें से कोई नहीं

59. 42 72 110 156 210 272
56 (a) (b) (c) (d) (e)
(b) के स्थान पर क्या आएगा?
(a) 129 (b)130 (c) 126
(d) 132 (e) इनमें से कोई नहीं

60. 5 8 6 10 7 12
7 (a) (b) (c) (d) (e)
(c) के स्थान पर क्या आएगा?
(a) 14 (b) 16 (c) 9
(d) 11 (e) इनमें से कोई नहीं

61. यदि 5600 रु. की राशि $3\frac{1}{2}$ वर्षों में 6678 रु. हो जाती है, तो उसी प्रतिशत दर से वार्षिक साधारण ब्याज पर 9400 रु. की राशि $5\frac{1}{4}$ वर्षों में कितनी हो जाएगी?
(a) Rs 9400 (b) Rs 12114.25 (c) Rs 12115
(d) Rs 12116.25 (e)इनमें से कोई नहीं

62. कितने समय में अर्धवार्षिक देय पर चक्रवृद्धि ब्याज की 4% की दर से 6250 रुपए की राशि 6632.55 रु. हो जाएगी?
(a) 3 वर्ष (b) $\frac{3}{2}$ वर्ष (c) 1 वर्ष
(d) $\frac{5}{2}$ वर्ष (e)इनमें से कोई नही

63. एक पानी के भरे बर्तन से आठ लीटर पानी निकाल लिया जाता है तथा शुद्ध दूध द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। फिर से आठ लीटर मिश्रण को निकल लिया जाता है तथा शुद्ध दूध द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। यदि बर्तन में अब पानी तथा दूध 9 : 40 के अनुपात में है, तो बर्तन की धारिता ज्ञात कीजिये।
(a) 14 लीटर (b) 24 लीटर (c) 16 लीटर
(d) 12 लीटर (e)इनमें से कोई नहीं

64. A, P से शुरू करते हुए Q तक 3.75 किमी प्रति घंटे की दर से 51.75 किलोमीटर की दूरी चलता है। एक घंटे बाद B, Q से शुरू करते हुए P के लिए चलता है तथा 4.25 किमी प्रति घंटे की दर से चलता है। A तथा B से कब और कहाँ मिलेंगे?
(a) Q से 26.25 कि.मी. पर (b) Q से 25.50 कि.मी.पर
(c) P से 25.30 कि.मी. पर
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता (e) इनमें से कोई नहीं

65. एक तार को जब एक वर्ग के रूप में मोड़ा जाता है तो 484 वर्ग सेमी क्षेत्र को घेरता है। जब इसी तार को एक वृत्त के आकार में मोड़ा जाता है तो इसके द्वारा घेरा गया क्षेत्र क्या होगा?(पाई= $\frac{22}{7}$ लें)
(a) 462 वर्ग से.मी. (b) 539 वर्ग से.मी. (c) 616 वर्ग से.मी.
(d) 693 वर्ग से.मी. (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश **(66-70):** निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्न चिह्न **(?)** के स्थान पर लगभग क्या मान आना चाहिए?

66. $\sqrt[3]{456500}=?$
(a) 72 (b) 75 (c) 77
(d) 79 (e) 81

67. $\frac{2}{9}\times\frac{3}{7}\times\frac{5}{8}\times 1780=?$
(a) 103 (b) 106 (c) 109
(d) 112 (e) 115

68. 440 का 2.55% + 4880 का 0.366% = ?
(a) 23 (b) 25 (c) 27
(d) 29 (e) 31

69. (3537.988 ÷ 18.005) × 1.999 = ?
(a) 389 (b) 393 (c) 397
(d) 401 (e) 407

70. $1135\div\left(\frac{7}{5}\times\frac{3}{7}\times\frac{2}{9}\right)=?$
(a) 8500 (b) 8510 (c) 8520
(d) 8530 (e) 8540

CAREER POWER™ A NITIN KUMAR ALUM COMPANY